# महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ

महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय लखनऊ में दिनांक 26/07/2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में **कारगिल शहीद दिवस** के उपलक्ष्य में युद्ध में शहीद वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी देश पर बलिदान हुए सेनानायकों की तस्वीरों पर पुष्प अर्पण कर उन्हें नमन किया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कार्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।





डॉ सरिता सिंह

डॉ मधुमिता गुप्ता

कार्यक्रम समन्वयक (राष्ट्रीय सेवा योजना)


प्राचार्य

प्रो सुमन गुप्ता

# महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ

महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय लखनऊ में प्राचार्य प्रो0 सुमन गुप्ता के कुशल निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ सरिता सिंह एवं डॉ मधुमिता गुप्ता द्वारा उ0 प्र0 शासन के आदेश के अनुपालन में दिनांक **17/08/2022** को **नशा मुक्त अभियान** के सम्बन्ध में छात्र छात्राओं को नशा मुक्त रहने हेतु शपथ ग्रहण करायी गयी।





डॉ सरिता सिंह

डॉ मधुमिता गुप्ता

कार्यक्रम अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना)

प्राचार्य

प्रो सुमन गुप्ता

# महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आशियाना लखनऊ

महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय लखनऊ में **प्राचार्य प्रो0 सुमन गुप्ता** के कुशल निर्देशन में **दिनांक 08/08/2022** को **आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम** के अंतर्गत **काकोरी ट्रेन एक्शन डे** के अंतर्गत महविद्यालय में **चित्रकला प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया जिसमे छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की विषयवस्तु भारतीय स्वतंत्रता के स्वर्णिम ७५ वर्ष के भव्य त्यौहार से सम्बंधित थी ।

कार्यक्रम के आरम्भ में प्राचार्य प्रो0 सुमन गुप्ता ने अपने वक्तव्य में बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने भारत के स्वाधीनता संग्राम के इतिहास के एक अहम् अध्याय 'काकोरी कांड' का नाम बदलकर 'काकोरी ट्रेन एक्शन' कर दिया है। इसका नाम इसलिये बदल दिया गया क्योंकि 'कांड' शब्द भारत के स्वतंत्रता संग्राम के तहत इस घटना के अपमान की भावना को दर्शाता है।

काकोरी ट्रेन एक्शन एक ट्रेन डकैती थी, जो 9 अगस्त, 1925 को लखनऊ के पास काकोरी नामक गाँव में ब्रिटिश राज के खिलाफ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारियों द्वारा की गई थी। स्वतंत्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्लाह खान और रोशन सिंह को 19 दिसंबर, 1927 को काकोरी डकैती में शामिल होने के लिये फाँसी पर लटका दिया गया था। सभी ने भारत के महान शहीदों को नमन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम समन्वयक डॉ सरिता सिंह तथा एवं सदस्यों डॉ गुंजन शाही एवं डॉ सुनीता द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

**परिणाम:**

- **प्रथम** : **सृष्टि मिश्रा B.A** ।
- **द्वितीय** : **रिया कुमारी B.COM** ।
- **तृतीय** : **श्वेता गोस्वामी** M.A II
- **सांत्वना पुरस्कार** : **पूजा रावत B.A.** ।

प्राचार्य

डॉ0 सरिता सिंह


डॉ गुंजन शाही

डॉ सुनीता




(1) SHRISHTI MISHRA B.A. II SEM

(2) SHWETA GOSWAMI M.A. II SEM





(3) SHALU VISHWAKARMA B.A. I




(4) POOJA B.A I




(5) SHIVANGI SRIVASTAV B.COM 4 SEM




(6) RIYA KUMARI B.COM II SEM







(7) ASHISH KR GUPTA B.A I YEAR





(8) RUBY VERMA- B.A I YEAR



(9)PRIYA RAWAT B.A I YEAR





(10) GUDIYA B.A. I YEAR



आज दिनांक 25 जनवरी 2023 को महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर्स ने भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्य कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सरिता सिंह द्वारा एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्र छात्राओं को भारतीय मतदान के इतिहास तथा मतदाताओं के कर्तव्य एवं मतदान पत्र बनाने हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सभी को मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर सुमन गुप्ता द्वारा छात्र छात्राओं को वोट देने हेतु प्रेरित भी किया गया । इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारियों डॉक्टर सरिता सिंह डॉक्टर मधुमिता गुप्ता एवं सलाहकार डॉ स्मृति मिश्रा द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में लगभग 70 छात्र-छात्रा एवं अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के रोवर्स रेंजर्स प्रभारियों डॉ रीना गुप्ता तथा डॉ राघवेंद्र मिश्रा ने लगभग 50 छात्र छात्राओं के साथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में इस अवसर पर हो रहे कार्यक्रम में प्रतिभाग किया ।








( Principal )

# महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय लखनऊ

आज दिनांक 07/01/2023 को महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सडक सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने पोस्टर प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्य प्रोफेसर डॉ सुमन गुप्ता द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में डॉ शकुंतला गिरी, डॉ सुनीता, एवं डॉक्टर स्मृति मिश्रा ने योगदान दिया। प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों डॉक्टर सरिता सिंह एवं डॉक्टर मधुमिता गुप्ता द्वारा किया गया ।











Sarita Singh

(Principal)

ONE DAY CAMP 23/11/22

# महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखनऊ

महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ

श्रद्धावान लभते ज्ञानम्

आज दिनांक 23/11/2022 को महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय लखनऊ कि राष्ट्रीय सेवा योजन की प्रथम तथा दितीय इकाईयों का संयुक्त एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभांरभ महाविद्यालय कि प्राचार्य डॉ सुमन गुप्ता के उद्‌बोधन से हुआ । कार्यक्रम में नेचुरल एकेडमी ट्रेनिंग कि बिजनेस डेवलपमेन्टह हेड अकाशी नंदी द्वारा स्वंय से को मानव शरीर एंव उसके परिवेश की स्वच्छता, व्यम्रिदृदृगत संचार कुशलता विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया तत्पश्चात स्वंस सेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया ।


कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सरिता सिंह एंव डॉ0 मुघमिता गुप्ता द्वारा किया गया ।

















प्राचार्य
महाराजा बिजली पासी
राज० स्ना० महाविद्यालय
आशियाना, लखनऊ

डा० सरिता सिंह
डा० मधुमिता गुप्ता

NSS

ONE DAY CAMP
05/12/2022

आज दिनांक 05/12/2022 को महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम तथा द्वितीय इकाईयो का संयुक्त एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुमन गुप्ता के उदबोधन से हुआ। कार्यक्रम मे साई धाम ट्रस्ट के डायरेक्टर श्री अमित शर्मा जी एवं समाजसेवी पायल जी के साथ स्वयंसेवको को नशा मुक्ति हेतु शपथ ग्रहण करायी गयी। एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं मे विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य मंत्री कन्या सुमंगला योजना की जनपद कोऑर्डिनेटर श्रीमती पूनम पंत जी ने योजना के विषय मे जानकारी प्रदान की। अंत मे स्वयंसेवकों द्वारा तौदेखेडा क्षेत्र मे नशा मुक्ति रैली का आयोजन किया गया।

ककार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारियों डॉ सरिता सिंह एवं डॉ मधुमिता गुप्ता द्वारा किया गया।






# महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## आशियाना लखनऊ

# राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों: गाँधी एवं कस्तूरबा, का संयुक्त सप्तदिवसीय शिविर आयोजन दिनांक 08/02/2023 से 14/02/2023 तक किया जायेगा ।

**उद्घाटन समारोह: दिनांक: 08/02/2023 समय: प्रातः 11:30**

**मुख्य अतिथि: प्राचार्य प्रो0 (डॉ) सुमन गुप्ता**

**समापन समारोह: दिनांक: 14/02/2023 समय: अपराह्न 03:00**

शिविर स्थल: महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आशियाना लखनऊ
कृपया उक्त आयोजन में सहभागिता कर शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन कर हमें अनुग्रहित करें।

डॉ सरिता सिंह
कार्यक्रम अधिकारी प्रथम

डॉ मधुमिता गुप्ता
कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय

# महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविदयालय

राष्ट्रीय सेवा योजना
संयुक्त सात दिवसीय शिविर
**(08 फ़रवरी 2023-14 फ़रवरी 2023)**

महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविदयालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाइयों -गाँधी एवं कस्तूरबा संयुक्त सात दिवसीय शिविर का आयोजन दिनाँक 08, फ़रवरी 2023से दिनाँक 14, फ़रवरी 2023 तक किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो0 (डॉ0) सुमन गुप्ता ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधीवत उद्धघाटन किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्शों को अपनाने को कहा। शिविर के प्रथम दिन का आरम्भ योहाभ्यास तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा गीत से किया गया। प्रथम सत्र में पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री मो० सईद जी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना संकल्प " मैं नहीं आप" एवं उसके इतिहास पर विस्तृत ज्ञान प्रदान किया गया। अपराह्न में जलपान के पश्चात् द्वितीय सत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रदान करने ए0आर0टी0ओ0 श्री उदित नारायण जी, टी0एस0आई0 श्री रामेन्द्र जी तथा श्री सुमित मिश्रा द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बंधित मत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। स्वयं सेवकों द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया जिसमे उन्होंने सड़क सुरक्षा से सम्बंधित दिशा निर्देशों पम्फ्लेट्स राहगीरों एवं वाहनचालकों को बांटकर जागरूक किया।

शिविर के दूसरे दिन प्रातः स्वयं सेवकों द्वारा योगाभ्यास किया गया, तत्पश्चात लक्ष्य गीत का गायन किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में महाविद्यालय में स्वछता अभियान के अंतर्गत विभिन विभागों की साफ़ सफाई की गयी, क्यारियों की सफाई की गयी तथा पौधों एवं गमलों में पानी डाला गया। इसके पश्चात् श्री अभिषेक भारद्वाज द्वारा "प्रतियोगी परीक्षाओं में इंग्लिश " विषय पर व्याख्यान दिया गया । अपराह्न में अल्पाहार के पश्चात् पीडिलाइट संस्था की ओर से श्रीमती मंजू जी द्वारा स्वयंसेवकों को क्राफ्ट तथा विभिन्न प्रकार की कपड़ों को रंगने की पद्धतियों के विषय में बताया गया। सभी ने पुरानी बेकार वस्तुओं से कुछ नया बनाना सीखा। शिविर के दूसरे दिन का समापन "हम होंगे कामयाब" गीत से किया गया।

शिविर के तीसरे दिन का आरम्भ लक्ष्य गीत से किया गया। स्वयं सेवकों ने क्यारियों तथा गमलों में पानी देने के पश्चात् परिसर की सफाई की। पूर्वाह्न सत्र में एक प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे एक्यूप्रेशर एवं एक्यूपंक्चर द्वारा विभिन्न बिमारियों के इलाज़ के विषय में डॉ आनंद पांडेय द्वारा जानकारी प्रदान की गयी और शकुंतला कुमारी द्वारा स्वयंसेविकाओं को महिला स्वास्थ्य के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। भोजन के उपरांत अगले सत्र में फेवीक्रिल संस्था की और से स्वयं सेवकों को विभिन्न प्रकार की पेंटिंग सिखाई गयी। दिन का समापन राष्ट्रगान गा कर किया गया।

शिविर के चतुर्थ दिवस पर "सेफ सोसाइटी" गैर सरकारी संस्था से आयी श्रीमती मीरा बिष्ट जी द्वारा स्वयं सेवकों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रकाश डालते हुए स्वयं सेवकों की भूमिका के विषय पर बातचीत की। विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने समाज में योगदान देने को सभी को प्रेरित किया। इसके पश्चात् स्वयं सेवकों की टोली द्वारा " लिंग-भेद " विषय पर महविद्यालय परिसर के बाहर चौराहे पर एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया जिसमे उन्होंने बेटा -बेटी को समान अवसर प्रदान करने का सन्देश देते हुए समाज से इस भेदभाव को मिटाने की शपथ ली।

बातचीत की। विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने समाज में योगदान देने को सभी को प्रेरित किया। इसके पश्चात् स्वयं सेवकों की टोली द्वारा " लिंग-भेद " विषय पर महविद्यालय परिसर के बाहर चौराहे पर एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया जिसमे उन्होंने बेटा -बेटी को समान अवसर प्रदान करने का सन्देश देते हुए समाज से इस भेदभाव की मिटाने की शपथ ली।

शिविर के पांचवे दिन योगाभ्यास तथा लक्ष्य गीत के उपरांत स्वयं सेवकों तथा कार्यक्रम अधिकारीयों ने कुष्ठ रोग आश्रम बाराबिरवा लखनऊ के निवासियों को अन्न, फल एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया। कुछ समय वहां पर व्यतीत कर वहां के निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। दूसरे सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा नशा मुक्ति पर एक रैली का आयोजन किया गया।

शिविर के छठे दिन महविद्यालय में साफ़ सफाई के पश्चात स्वयं सेवकों तथा कार्यक्रम अधिकारीयों द्वारा प्राथमिक स्कूल तोंदेखेड़ा एवं जूनियर हाई स्कूल किला मोहम्मदी में छात्र छात्राओं को स्वच्छता एवं अच्छे-बुरे स्पर्श से सम्बंधित जानकारी प्रदान की साथ ही किला मोहम्मदी गांव में " प्लास्टिक छोड़ो" रैली का आयोजन किया गया तथा मुख्या मार्ग एवं गांव की दुकानों में स्वयं सेवकों दवरा कागज के लिफ़ाफ़ों तथा कपडे के थैलों का वितरण किया गया।

दिनाँक 14 फ़रवरी 2023 को सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में A.N.O (NCC) श्री दिग्विजय सिंह ने जीवन में सफलता के विभिन्न आयामों पर अपने ओजस्वी उद्बोधन से स्वयंसेवकों में ऊर्जा का संचार किया। साथ ही डॉ सुनील निरंजन पूर्व A.N.O (NCC) ने विद्यार्थी जीवन में अनुशाशन एवं निश्चित ध्येय होने की महत्ता पर बल देते हुए सभी को सफल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसके पश्चात सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी तथा देववन्दना पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ किरण यादव ने शिविर के सफल आयोजन की बधाई देते हुए सभी स्वयंसवकों से देश सेवा को अपने जीवन में सर्वोच्च स्थान प्रदान करने को कहा। शिविर का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया। इस सात दिवसीय शिविर का आयोजन डॉ सरिता सिंह एवं डॉ मधुमिता गुप्ता द्वारा किया गया।







# सात दिवसीय विशे

## स्वयंसेवकों द्वारा



गगा ज्योति सवाददाता

लखनऊ। बुधवार को महाराजा बिजली पासी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों गार्गी एवं कस्तूरबा का संयुक्त सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर [illegible] ने शिविर का

उद्घाटन करते हुएअपने उ
स्वयंसेवकों को राष्ट्र नि
अपना योगदान देने हेतु राष्ट्री
योजना के आदर्शों को अप
कहा। शिविर के प्रथम
आरंभ योगाभ्यास तथा राष्ट्री
योजना के प्रेरणा गीत द्वारा
गया। इसके पश्चात पूर्व राष्ट्री
योजना कार्यक्रम अ
मोहम्मद सईद द्वारा छात्र-छा














राष्ट्रीय सेवा योजना









